Title: : Need to improve functioning of telephones in Jalna Parliamentary Constituency, Maharashtra-Laid.

श्री दानवे रावसाहेब पाटील (जालना): मेरे संसदीय क्षेत्र जालना (महाराट्र) में टेलीफोन व्यवस्था ठीक ढंग से कार्य नहीं कर रही है। संबंधित अधिकारी वर्ग को सूचित करने पर भी स्थिति में आज तक कोई सुधार नहीं हुआ है। ग्रामीण क्षेत्र में तो दूर संचार की हालत और भी खराब है। महीनों तक टेलीफोन पी0सी0ओ0 खराब रहते हैं और विभाग द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जाता। इसी प्रकार क्षेत्र में टेलीफोन एक्सचेंज खोलने की ओर विभाग ध्यान नहीं दे रहा है। ग्रामवासियों ने वर्ों से टेलीफोन कनेक्शन के लिए आवेदन किए हुए हैं, लेकिन अभी तक टेलीफोन नहीं लगाए गए हैं।

अतः आपके माध्यम से अनुरोध करना चाहता हूं कि मेरे क्षेत्र की दूर संचार व्यवस्था ठीक करवाने तथा वर्ों से लोगों के जो टेलीफोन हेतु आवेदन लंबित हैं, उन्हें अविलम्ब टेलीफोन कनेक्शन जारी करने हेतु आवश्यक कार्यवाही करें।